दैनिक
# न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-विज्ञान-फीचर

रायगढ़, शनिवार 27 अक्टूबर 2018
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### पीएम मोदी की 3 को कोरबा में होगी जनसभा

रायपुर/कोरबा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 3 नवंबर को यहां चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जिला भाजपाध्यक्ष अशोक चावलानी ने बताया कि प्रदेश भाजपा से इसका विस्तृत कार्यक्रम अभी नहीं आया है। मगर उनका कार्यक्रम तय हो गया है। बता दें कि पिछले चुनाव में भी मोदी की सभा घंटाघर मैदान में हुई थी। तब वे गुजरात के मुख्यमंत्री व भाजपा चुनाव प्रसार अभियान समिति के प्रमुख थे।

### तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलटी, एक यात्री की मौत

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। करहनी गांव के पास एक तेज रफ्तार ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ऑटो पर सवार एक यात्री की मौत हो गई है। हादसे में लगभग 5-6 यात्री घायल हुए है, जिनका इलाज चल रहा है। घटना सिवनी के करहनी गांव के पास की है, जहां एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। ऑटो में उस वक्त लगभग आधे दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे। जिसमें से एक की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मरवाही पुलिस ने मामले दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। घायलों का उपचार मरवाही अस्पताल में किया जा रहान है।

### उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद का नाम बदलने के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज करने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। अधिवक्ता सुनीता शर्मा ने यह जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पक्षकार बनाया गया है। याची के अधिवक्ता विजय चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया, 'पहले 'इला' के नाम से 'इलावास' बसाया गया था, जिसे बाद में इलाहाबाद कहा जाने लगा। लोग सैकड़ों साल से प्रयाग को इलाहाबाद के नाम से जानते हैं।' याचिका में अर्द्धकुंभ को कुंभ घोषित करने पर भी आपत्ति की गई है। 18 अक्टूबर 2018 को जारी की गई अधिसूचना को भी याचिका को चुनौती दी गई है। इसी अधिसूचना में राज्य सरकार द्वारा इलाहाबाद का नाम प्रयागराज घोषित किया गया था। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की मौजूदा योगी आदित्यनाथ सरकार ने 18 अक्टूबर को अधिसूचना जारी करके ऐलान किया था कि इलाहाबाद को अब प्रयागराज के नाम से जाना जाएगा। इस परिवर्तन के पीछे सरकार का तर्क था कि पहले इस शहर का नाम प्रयाग ही था, जिसे मुगल शासक अकबर द्वारा बदलकर इलाहाबाद कर दिया गया था।

### राजधानी में देर रात रिटायर्ड अफसर की पत्नी की हत्या कर लाखों की लूट, आरोपी फरार

रायपुर। कल देर रात राजधानी में फिर हत्या का मामला सामने आया है। रायपुर में एक रिटायर्ड एसडीओ की पत्नी हत्या की गयी है । यह घटना देर रात 8 से 10 के बीच की है। सूचना मिलते ही राखी थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके में पहुंच गयी है। नया रायपुर के सेक्टर 27 में बुजुर्ग महिला अकेले रहती थी। मृतक महिला रिटायर्ड एसडीओ की पत्नी है। जिस समय यह घटना हुई उस वक्त घर में अकेली थी, अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला को घर में अकेला देख अपराधियों ने वारदात को अन्जाम देने की साजिश रची रही होगी। हालांकि जब महिला ने इसका विरोध जताया, तो फिर अपराधियों ने उन्हें मौत के घाट उतार दिया और वारदात को अंजाम देकर आरोपी भाग निकले। हत्या करने के बाद आरोपी घर मे रखे सोने की चूड़ियां, एटीएम समेत नगदी लेकर फरार हो गए। पुलिस जांच में लगी हुई है।

### डेबिट कार्ड से 5 लाख रूपए तक का कर सकते हैं ट्रांजेक्शन

धमतरी। कैशलेश ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिए आरबीआई ने नियमित और बड़े उपभोक्ताओं के लिए नया स्कीम लांच किया है। इसके तहत सामान्य एटीएम, डेबिट कार्ड की जगह अलग-अलग कैटेगिरी के कार्ड लेने से अब उपभोक्ता प्रतिदिन 3 लाख रूपए तक विड्राल कर सकेंगे। जबकि आईसीआईसीआई बैंक में यह सुविधा 5 लाख रूपए तक की है। उल्लेखनीय है कि नोटबंदी के बाद से केन्द्र सरकार नगद लेन-देन को हतोत्साहित और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत बैंकिंग सेक्टर में लगातार बदलाव किया जा रहा है। वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक अपने उपभोक्ताओं को सामान्य एटीएम कार्ड से 40 हजार रूपए ट्रांजेक्शन की सुविधा प्रदान कर रहा है। यह सुविधा 31 अक्टूबर तक ही लागू होगी। इसके बाद यह राशि घटकर 20 हजार रूपए हो जाएगी। उधर उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरबीआई ने एक बार फिर बड़ा फैसला किया है। इसके तहत अलग-अलग डेबिट कार्ड, एटीएम कार्ड का उपयोग किए जाने पर अलग-अलग बैंकों में प्रतिदिन 3 से 5 लाख रूपए की निकासी की सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया है। एक जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में 27 बैंकों के 93 बैंक शाखाएं संचालित हो रही है, जहां 10 लाख से ज्यादा खाताधारी हैं। इनमें से 70 फीसदी खाताधारकों के पास सामान्य एटीएम, जिससे वे प्रतिमाह 20 से 40 हजार रूपए का ट्रांजेक्शन कर रहें हैं। विडम्बना है कि जिले के बैंकों में स्कीम शुरू होने के बाद भी उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी नहीं दी जा रही है। ऐसे में उनमें रोष व्याप्त है।

# आज कभी भी हो सकती है कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची

## बस्तर के साथ रायपुर के उत्तर और पश्चिम सीट पर होगी सबकी निगाह

रायपुर (आरएनएस)। राज्य की सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस ने इस बार अलग ही रणनीति बनाई है। कांग्रेस ने जहां भाजपा के पत्ते खुलने (प्रत्याशी चयन) का इंतजार किया तो वहीं बगावत से बचने के लिए अभी तक प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं की। लेकिन चुनाव में काफी कम समय रहने के कारण अब कांग्रेस अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करने वाली है। इसके लिए केन्द्रीय चुनाव समिति की अंतिम बैठक भी संपन्न हो चुकी है। इस लिहाज से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों की कभी भी जारी हो सकती है।

सत्तासीन भाजपा को हराने के लिए इस बार कांग्रेस नई-नई रणनीतियों पर काम कर रही है। राजनीति के जानकारों की माने तो कांग्रेस अपने पहले चरण की योजना में पूरी तरह से कामयाब हो गया है। कांग्रेस ने सबसे पहले भाजपा के प्रत्याशियों की सूची आने का इंतजार किया। भाजपा ने जैसे ही अपने अधिकृत प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। कांग्रेस संगठन ने काफी सोच-विचार के बाद बस्तर क्षेत्र में पहले चरण के लिए 12 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की, इसके बाद 6 सीटों के लिए नाम फाइनल किया। कांग्रेस और भाजपा ने यह मानकर चल रही है कि उनके प्रत्याशी निश्चित रूप से चुनाव जीतकर आएंगे। चूंकि बस्तर की सीटों से प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की बात कही जाती है, लिहाजा बस्तर क्षेत्र में सही प्रत्याशी का चुनाव करना भी दोनों ही दलों के लिए टेढ़ी खीर साबित हुई। हालांकि अब बस्तर में दोनों ही दलों ने अपने प्रत्याशी तय कर लिया है।

बात मैदानी अमले की करें तो भाजपा ने जहां प्रदेश की शेष सीटों के लिए सबसे पहले प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की तो वहीं अभी कांग्रेस के पत्ते खुलने बाकी हैं। कांग्रेस ने अभी तक शेष सीटों के लिए संगठन के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। हालांकि चुनाव में काफी कम वक्त बचे होने के कारण अब कांग्रेस को अपने पत्ते खोलने ही पड़ेंगे।

## पुलिस ने महिला नक्सली को किया गिरफ्तार

दन्तेवाड़ा (आरएनएस)। जिले में बीती रात एक महिला नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। यह महिला नक्सली मीलिशिया प्लाटून की सदस्य है।

पुलिस ने महिला नक्सली को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। महिला के पास से इंसास के जिंदा राउंड भी बरामद हुए हैं। महिला नक्सली का नाम राजे मड़कम बताया जा रहा है। महिला नक्सली पर कई गंभीर आरोप हैं।

गिरफ्तार नक्सली के ऊपर पुलिस पार्टी पर फायरिंग, अपहरण कर हत्या, ईआईडी लगाने और नक्सलियों पर गांववालों की मीटिंग बुलाने, रेकी करने जैसे अन्य मामलों में शामिल होने के आरोप है।

## लखनऊ में लाल खून का काला करोबार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 5 लोग गिरफ्तार

लखनऊ। लाल खून का काला कारोबार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। ये लोग प्रोफेशनल ब्लड डोनर्स से और ड्रग एडिक्ट्स से ब्लड लेते थे और उसमें पानी और कैमिकल मिलाकर मरीजों को बेच देते थे। यह लखनऊ में पकड़ा गया है लेकिन इस तरह का काला कारोबार पूरे देश में चल रहा है। ये लोग मरीजों की सेहत और जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे थे। थोड़े से पैसे कमाने के लिए किसी की जिंदगी को खतरे में डाल रहे थे। लेकिन ये गिरोह आज यूपी एसटीएफ की गिरफ्त में आ गया। एसटीएफ ने पांच लोगों को अरेस्ट किया है.ये लोग घर में पैसे का लालच देकर ड्रग एडिक्ट्स का खून निकाल लेते थे फिर आधा खून और आधा पानी मिला कर एक यूनिट ब्लड को दो यूनिट बना देते थे। इसके बाद बिना किसी टेस्ट कराए गिरोह के लोग मिलावटी खून को पैक कर देते थे। किसी को शक न हो.इसके लिए पैकड पर



ब्लड बैंक का लेबल लगा देते थे.और फिर ये मिलावटी खून हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को बेच दिया जाता था। स्पेशल टास्क फोर्स का कहना है कि मिलावटी खून का सौदा करने वाले ये लोग ज्यादातर सलाइन वॉटर यूज करके एक यूनिट को दो यूनिट ब्लड का बनाकर आसपास के नर्सिंग होम दूसरे छोटे बड़े क्लीनिक्स के साथ कुछ प्राइवेट अस्पतालों में भी बेच रहे थे।

## शर्ट की जेब से 21 हजार की चोरी, ड्राइवर पर रिपोर्ट दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। ट्रक चालक के खिलाफ शर्ट की जेब में रखे 21हजार रुपये की चोरी करने की रिपोर्ट आमानाका थाना दर्ज कराया गया है। ट्रक मालिक की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुचरण सिंग निवासी भारत माता स्कुल पीछ टाटीबंद आमानाका ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उनका ड्राईवर शर्ट की जेब में रखा रुपये लेकर फरार हो गया है। ड्राइवर का नाम भीखम बघेल निवासी ढाबा दुर्ग का रहने वाला है वह गुरुचरण सिंग की ट्रक चलाता है।

## एक्सिस बैंक के सामने में खड़ी मोटरसायकल की चोरी

रायपुर (आरएनएस)। एक्सिस बैंक के सामने खड़ी हीरोहोण्डा स्प्लेण्डर प्लस मोटर सायकल किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी की रिपोर्ट सिविल लाईन थाना में दर्ज कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। दिलीप कुमार कोसले पिता प्राणदास कोसले उम्र 50 साल निवासी अछोली हीरानगर उरला सिविल लाईन थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 अक्टूबर पण्डरी एक्सेस बैंक पार्किंग खडी हीरोहोण्डा स्प्लेण्डर प्लस मोसा क्र सीजी 04-जेएफ 9318को खड़ी करके बैंक गया था। जब वापस आया तो पार्किंग स्थल से मोटरसायकल गायब था। मोटरसायकल की चोरी की रिपोर्ट सिविल लाईन थाना में दर्ज कराया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना मे लिया गया है ।

## सैफ, राधिका ने मुझे नवागंतुक जैसा महसूस नहीं कराया : रोहन मेहरा



हिंदी फिल्म बाजार के साथ बॉलीवुड की दुनिया में कदम रख रहे अभिनेता रोहन मेहरा का कहना है कि उनके सह-कलाकार सैफ अली खान और राधिका आप्टे ने फिल्म के सेट पर उन्हें कभी नवागंतुक जैसे महसूस नहीं कराया। फिल्म बाजार की गुरुवार को हुई स्पेशल स्क्रीनिंग में उन्होंने मीडिया से बातचीत की।

इस पर रोहन ने कहा, उनके साथ काम का अनुभव शानदार रहा। वे दोनों अच्छे कलाकार हैं। उन्होंने मुझे बिल्कुल महसूस नहीं होने दिया कि मैं नवागंतुक हूं। उन्होंने एक मेरे साथ एक पेशेवर सहयोगी की तरह व्यवहार किया।

फिल्म के बारे में बात करते हुए रोहन ने कहा, मैं चाहता हूं कि सभी सिनेमाघर जाकर बाजार देखें। यह एक पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है और लोग खुद को फिल्म के पात्रों से जोड़ सकेंगे। मुझे यकीन है कि दर्शक इस फिल्म को पसंद करेंगे। बाजार शुक्रवार को रिलीज हुई।

## शादी के 10 साल बाद पत्नी हो गई मोटी तो पति ने दे दिया तलाक



भोपाल। मध्य प्रदेश के मेघनगर में एक बड़ा ही अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी को महज इस बात पर तलाक दे दिया क्योंकि उसे वह मोटी नजर आती थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच रोजाना झगड़ा भी होता रहता था और फिर एक दिन नौबत यहां तक आ पहुंची जी हां, इस मामले के बारे में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। दोनों की महज 10 साल पहले ही शादी हुई है और दोनों के दो बच्चे भी हैं। पति चाहता था कि उसकी पत्नी पतली-छरहरी नजर आए लेकिन शादी के 10 साल बाद भी ऐसा नहीं हो सका। पत्नी मोटी ही रही। पत्नी के दुबला होने पर पति उसके साथ रोजाना झगड़ने लगा। सिर्फ इतना ही नहीं वह अपनी पत्नी को मारने-पीटने भी लगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मानें तो पति आरिफ उसे मोटी कहकर प्रताड़ित करता था और मारपीट करता था। तीन तलाक मामले में नए कानून के बाद मध्यप्रदेश के झाबुआ में यह पहला मामला दर्ज हुआ है। महिला ने अपने पति के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी है जिसके बाद उसके पति को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है। यहां एक मुस्लिम महिला की शिकायत पर उसके पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें, मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण अध्यादेश 2018 आने के बाद मध्यप्रदेश में यह पहला मामला है।

## जमीन बिक्री के नाम पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी

रायपुर (आरएनएस)। बोरिया खूर्द में जमीन की बिक्री के नाम पर युवक से 10 लाख रुपये बतौर ब्याना लेने के बाद दूसरे को वहीं जमीन बेचे जाने पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी किये जाने पर टिकरापारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पचपेडीनाका टिकरापारा हनुमान मंदिर रहवासी मुकेश मलांगी 32 वर्ष पिता अमल मलांगी ने 26 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसे 13 जुलाई को कमलराम साहू 49 वर्ष पिता मयाराम साहू एवं पत्नी अंसुईया साहू निवासी साकिनान छोटे करेली मगरलोड धमतरी ने जमीन बेचने के नाम पर बोरिया खूर्द स्थित खसरा नं. 416/1 रकबा 0.324 हे.भूमि को प्रार्थी के पास बिक्री करने का सौदा कर 10 लाख रुपये ब्याना ले कर दुसरे के पास बेचे जाने की रिपोर्ट टिकरापारा थाना में दर्ज कराया है।

## दीपावली की तैयारियां जोर शोर से जारी, धनतेरस 5 नवंबर को

रायपुर (आरएनएस)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली का त्यौहार राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में धूमधाम से मनाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई है।

लक्ष्मीपूजन 7 नवंबर को



हमारे 28 जिलों के संवाददाताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि घरों में पेन्ट, डिस्टेंपर के साथ ही रंगरोगन का कार्य प्रारंभ हो गया है। 5 नवम्बर धनतेरस से दीपावली का त्यौहार प्रारंभ होगा। प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, अंबिकापुर, रायगढ़, जगदलपुर सहित सभी जिलों एवं तहसील मुख्यालयों में स्थित सराफा बाजार में जमकर खरीदी की जा रही है।

गत वर्ष के मुकाबले सराफा संघ के सूत्रों के अनुसार इस वर्ष धार्मिक मान्यता के अनुरुप धनतेरस के दिन नया आभूषण खरीदकर पहनने की परंपरा है। इस धनतेरस पर उपरोक्त प्रमुख जिलों में 30 करोड़ से ऊपर का व्यवसाय होने की उम्मीद सराफा व्यापारियों को है।

लक्ष्मीपूजन 7 नवंबर को होगा। इस हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के रहवासियों द्वारा नये कपड़े रेडीमेड गारमेन्टस, साड़ियां, पूजन सामग्री, आर्टिफिशियल दीये एवं झालरों की बिक्री प्रारंभ हो गई है। शाम को मालवीय रोड सदरबाजार में त्यौहारी भीड़ के चलते अनेकों बार यातायात जाम की स्थिति बन रही है। वहीं शहर के बड़े माल्स में खरीदी करने वालों की संख्या में भी अच्छा खासा इजाफा हो रहा है।

गौरतलब है कि फटाका फोड़ने के मामले में निर्धारित मानकों के अनुसार फटाका फोड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार रात 8 से 10 का समय निर्धारित किया गया है।

## नो इंट्री के सीक्वल में काम करेंगे अर्जुन कपूर



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर सुपरहिट फिल्म नो इंट्री के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2005 में प्रदर्शित अनीस बज्मी निर्देशित नो इंट्री में सलमान खान, फरदीन खान, अनिल कपूर, लारा दत्ता और बिपाशा बसु ने मुख्य भूमिका निभायी थी। काफी समय से फिल्म के सीक्वल नो एंट्री में एंट्री की प्लानिंग चल रही है लेकिन बात नहीं बन पा रही।

अर्जुन कपूर ने फिल्म के सीक्वल में काम करने की मंजूरी दे दी है। अनीस बज्मी ने पूर्व में जब फ़िल्म के सीक्वल की घोषणा की थी तो कहा था कि सलमान बेहतरीन एक्टर हैं और वो उनके साथ ही इस सीक्वल पर काम करना चाहते हैं लेकिन, यदि सलमान इस फ़िल्म में नहीं होंगे, हम तब भी यह फ़िल्म बनाएंगे।

## 4 हफ्ते के बच्चे के रोने की आवाज से परेशान थी मां, गूगल पर सर्च किया कुछ ऐसा और फिर..

अमेरिका की चांडलर शहर से एक महिला ने मां की ममता को बदनाम करते हुए अपने ही बेटे को मौत के घाट उतार दिया। यह महिला अपने बच्चे की रोने की आवाज से परेशान थी, जिस कारण उसने बेटे को पानी में डूबा कर मार दिया। हैरान कर देने वाली बात है कि इस महिला ने बच्चे को मारने से पहले गूगल पर बच्चे मारने के तरीके भी सर्च किये. बेटे की मौत के बाद महिला ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी उसका बेटा किडनैप हो गया है. पर पुलिस ने जांच पड़ताल करके बच्चे की डेड बॉडी खोज निकाली और इसके बाद



महिला के मोबाइल की जांच की. जांच के बाद सारे मामले का खुलासा हो गया.

### सुनाई मनगढ़त कहानी

यह कहानी अमेरिका के चांडलर शहर में रहने वाली 19 वर्षीय हत्यारी जेन फॉलवेल की है. इस महिला ने अपने ही बच्चे को मार कर पुलिस को भ्रमित करने के लिए मनगढ़त कहानी बताई. जेन ने अपने घर के नजदीक पार्क से पुलिस को फोन करके बताया कि किसी अनजान शख्स ने उसे धक्का देकर उसके 4 हफ्ते के नवजात बेटे को किडनैप कर लिया.

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जाँच शुरू कर दी. करीब 2 घंटे बाद पुलिस को जहां महिला रहती है उसी अपार्टमेंट में एक लावारिस बैग पड़े होने की खबर मिली. पुलिस ने जब बेग खोला तो उसमे महिला के बेटे की लाश थी. ऐसे में पुलिस ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए महिला का मोबाइल अपने पास रख लिया. इस मोबाइल में पुलिस ने जब सर्च हिस्ट्री खोली तो वह खुद शॉकड रह गए. इस महिला ने अपने मोबाइल पर तुरंत मरने के तरीके, गुमशुदा बच्चों के केस, हत्यारे पेरेंट्स के केसेस, बच्चे को डुबोकर मारने में लगने वाला वक्त इस तरह की 100 से ज्यादा सर्च की थी.

### पति ने की कड़ी सज़ा की मांग

रिपोर्ट के मुताबिक इस महिला ने बच्चे को मार कर पुलिस को गुमराह करने के लिए किडनैपिंग की स्टोरी बताई.